कोटद्वार, शनिवार
18 नवम्बर 2023
वर्षः 45
अंकः 199 पृष्ठः 8
मूल्यः 2.00
RNI-35469/79

# जयन्त

निर्भीक – निष्पक्ष – जनसरोकार

www.dainikjayantnews.com
स्थापित 1979
संस्थापक : स्व. नरेन्द्र उनियाल

डाक पंजीयन पी.ए.ओ.07-2021-23 फोनः 9412081969 email: nagendra.uniyal@gmail.com

## टैक्सी खाई में गिरी, दो भाईयों समेत 9 लोगों की मौत

**हल्द्वानी :** नैनीताल जिले के ओखलकांडा ब्लॉक के छीड़ाखान-रीठासाहिब मोटर मार्ग पर शुक्रवार की सुबह सड़क हादसा हो गया। एक टैक्सी वाहन लगभग 500 मीटर गहरी खाई में जा गिरा। इस दर्दनाक हादसे में अब तक कुल 9 लोगों की मौत हो चुकी है। जबकि दो लोग गंभीर घायल है।

हादसे की सूचना पर जिला प्रशासन घटनास्थल पर पहुंचा और राहत बचाव कार्य शुरू किया। 7 यात्रियों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि 2 लोगों ने ओखलकांडा अस्पताल पहुंचने से पहले ही दम तोड़ दिया। इसके अलावा 2 गंभीर रूप से घायलों को हल्द्वानी रेफर किया गया। जिसमें से टैक्सी चालक ने धारी के पास दम तोड़ दिया। वहीं एक व्यक्ति का ओखलकांडा में इलाज चल रहा है। हादसे में मृतकों का घटनास्थल पर ही पोस्टमार्टम किया जायेगा, इसके लिए नैनीताल सीएमओ डॉ. भागीरथी जोशी ने एक टीम घटनास्थल पर भेजी है। बताया जा रहा है कि बाइक और टैक्सी वाहन की आमने-सामने टक्कर हो गई, जिसके बाद बाइक और वाहन दोनों 500 मीटर गहरी खाई में जा गिरे। मृतकों में शामिल सभी एक ही परिवार/बिरादरी के बताए गए हैं, जो कि ग्राम डालकन्या के रहने वाले हैं। वाहन चालक 36 वर्षीय राजेंद्र पनेरू पुत्र लालमणी निवासी डालकन्या की भी हल्द्वानी ले जाते समय धारी के पास मौत हो गई। इसके अलावा दो सगे भाई जो बाइक पर सवार थे उनकी भी ओखलकांडा अस्पताल पहुंचने से पहले ही मौत हो गई, जिसमें 25 वर्षीय शिवराज सिंह पुत्र कुंवर सिंह निवासी ग्राम अघोड़ा, 20 वर्षीय नवीन सिंह पुत्र कुंवर सिंह निवासी ग्राम अघोड़ा शामिल हैं। वहीं, घायलों में 46 वर्षीय हेम चंद्र पनेरू निवासी ग्राम डालकन्या तथा 11 वर्षीय योगेश चंद्र पुत्र तुलसी प्रसाद निवासी ग्राम डालकन्या शामिल हैं।

पुलिस सूत्रों के अनुसार यह हादसा ओखलकांडा ब्लॉक में छीड़ाखान से एक किमी. आगे हुआ है। कैंपर वाहन संख्या यूके 04 टीबी 2745 अचानक असंतुलित होकर खाई में जा गिरा। कैंपर में चालक सहित कुल 11 लोग सवार थे। सूचना मिलते ही खनस्यू थाना पुलिस, एसडीआरएफ, स्वास्थ्य विभाग की आरबीएसके की टीम मौके पर पहुंची। स्वास्थ्य विभाग की टीम में डालकन्या से डॉ. हिमेश मटियाली, डॉ. तृप्ति व स्टॉफ नर्स भावना जीना मौके पर पहुंचे। स्वास्थ्य विभाग द्वारा घायलों को उपचार के लिए ओखलकांडा रेफर किया। राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) ने नैनीताल जिले में हुई वाहन दुर्घटना में मृतकों के प्रति गहरा दुःख व्यक्त किया है। राज्यपाल ने दिवंगत आत्माओं की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना करते हुए शोक संतप्त परिजनों के प्रति गहरी संवेदनाएं व्यक्त की है। उन्होंने घायलों के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना की है। (एजेंसी)

**मृतक**

1- धनी देवी पत्नी रमेश पनेरू 38 साल 2- तुलसी प्रसाद पुत्र रमेश चंद्र 35 साल 3- रमा देवी पत्नी तुलसी प्रसाद 26 साल 4- तनुज पुत्र तुलसी प्रसाद 7 साल 5- देवी दत्त पुत्र ईश्वरी दत्त 45 साल 6- नरेश पनेरू पुत्र पूरन पनेरू 26 साल 7— राजेंद्र पनेरू पुत्र तुलसी पनेरू 5 साल 8- शिवराज सिंह पुत्र कुंवर सिंह 25 साल 9- नरेंद्र सिंह पुत्र कुंवर सिंह 21 साल

**घायल**

1- हेम चंद्र पनेरू पुत्र किशनानद पनेरू 46 साल 2- योगेश पनेरू पुत्र तुलसी प्रसाद 9 साल

### पीएम मोदी की मीडिया से अपील

## एआई आधारित डीप फेक के खतरे से लोगों को जागरूक करने को कहा

नई दिल्ली , प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मीडिया से कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) पर आधारित 'डीप फेक' पोस्ट को देश की आंतरिक सुरक्षा एवं स्थिरता के लिए संभावित खतरा बताते हुए आज मीडिया से अपील की कि वे देश में इसके प्रभावों एवं खतरों को लेकर जनता को जागरूक करें। मोदी ने यहां भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के मुख्यालय पर आयोजित पत्रकार दिवाली मिलन समारोह में बड़ी संख्या में आये पत्रकारों को संबोधित करते हुए कहा कि एआई के कारण मीडिया में डीप फेक का एक बड़ा संकट आ रहा है। इसे लेकर जनता के पास सत्यापन की कोई व्यवस्था नहीं है। उन्होंने कहा, एआई के जमाने में जिस प्रकार से डीपफेक फैल रहा है, वह एक बड़ा संकट है। ये समाज में असंतोष की आग भी बहुत तेजी से फैला सकता है। कहीं कोई गलत बात हो जाए तो सरकार के लिए नयी मुसीबत खड़ी हो सकती है।उन्होंने कहा कि इसी प्रकार के एक डीप फेक वीडियो में स्वयं उनका एक वीडियो बना कर डाला गया है जिसमें गरबा गाते हुए दिखाये गये हैं। उन्होंने कहा कि इस बारे में हमारे कार्यक्रमों के जरिए लोगों को जागरूक करें कि डीपफेक है क्या, कितना बड़ा संकट पैदा कर सकता है और इसके प्रभाव क्या हो सकता है, उसको उदाहरणों के साथ लोगों को बताया जाए। उन्होंने कहा कि लोगों को इसका शास्त्र समझाने की नहीं बल्कि उसके प्रभाव के बारे में अधिक समझाने की आवश्यकता है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि चैट जीपीटी वाले उनसे मिलने आये थे तो इस बारे में बात हुई थी, इस पर चैट जीपीटी वालों ने कहा था कि बन तो गया है लेकिन इसे वापस लेना संभव नहीं है। इस पर उन्होंने सुझाव दिया था कि डीप फेक वाली हर कृति पर 'डीप फेक' अंकित किया जाना चाहिए।पत्रकारों के कल्याण एवं स्वास्थ्य को लेकर चिंता व्यक्त करते हुए श्री मोदी ने कहा कि कोविड की महामारी में कई पत्रकारों को और कई पत्रकारों के परिजनों का निधन हुआ। लेकिन हमें यह जानकर और भी दुख हुआ कि हमने हाल ही में कुछ युवा पत्रकारों को खो दिया है। 40 से 50 की आयु वाले पत्रकारों का इस तरह से चले जाना बहुत पीड़ा देता है। हमारा जीवन अधिकांश समय बहुत तनावपूर्ण और व्यस्त रहता है।हमें 40 से 50 के आयु उचित चिकित्सा जांच की एक प्रणाली स्थापित करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि सरकार और व्यावसायिक घरानों, दोनों को मिल कर एक ऐसी प्रणाली स्थापित करने पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए जिससे यह सुनिश्चित हो सके कि हम इतनी कम उम्र में किसी युवा और प्रतिभाशाली पत्रकार को न खोएँ।श्री मोदी ने कहा कि किसी भी देश या समाज के जीवन में कुछ कालखंड ऐसे होते हैं जो हमें वैश्विक छलांग लगाने का मौका देते हैं। भारत में भी शायद ऐसा ही यह कालखंड हमें भव्यता की ओर ले जाने का अवसर लेकर आया है। विकसित भारत का नारा कोई कल्पना नहीं सच्चाई है।



उन्होंने कहा, 'वोकल फॉर लोकल' के आह्वान को लोगों का समर्थन मिला है। इस एक सप्ताह में 4.5 लाख करोड़ रुपये से ज्यादा का करोबार हुआ है। ये देश के लिए बहुत बड़ी बात होती है, इससे हर छोटे-मोटे व्यक्ति की कमाई होती है। मैं इसी ताकत के आधार पर कहता हूं कि हम 'विकसित भारत' के संकल्प को सफलतापूर्वक आगे बढ़ा सकते हैं।उन्होंने महात्मा गांधी के डांडी सत्याग्रह को उस वक्त की क्रांति करार देते हुए कहा कि बीते सात आठ साल में 13.5 करोड़ लोगों को गरीबी रेखा से बाहर निकाल लिया गया है और ये नव मध्य वर्ग विकास की आकांक्षा से लबरेज है। यह एक बड़ा बाज़ार भी है और आगे जाने की इच्छा से युक्त आकांक्षी समाज है। उन्होंने मध्य प्रदेश के शहडोल जिले में एक गांव में फुटबॉल का बुखार और महिला स्वसहायता समूह में एक आदिवासी महिला का आगे बढ़ने की जिजीविषा का वर्णन किया और कहा कि आने वाले समय में स्वसहायता समूह की दो करोड़ महिलाओं को लखपति बनाने का लक्ष्य रखा है।उन्होंने यह भी कहा कि हर राज्य में कम से कम एक शहर को उस राज्य की अर्थव्यवस्था का इंजन मानकर विकसित करना चाहिए और यह लक्ष्य लेकर चलना चाहिए कि अर्थव्यवस्था एक निश्चित अवधि में कितने गुना बढ़नी चाहिए। भाजपा मुख्यालय में वर्ष 2017 के बाद पहली बार आयोजित इस दीवाली मिलन समारोह में भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा, गृह मंत्री अमित शाह, केन्द्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी, अश्विनी वैष्णव, भाजपा के महासचिव विनोद तावड़े एवं राधामोहन अग्रवाल, भाजपा के राष्ट्रीय मीडिया प्रभारी अनिल बलूनी एवं सह प्रभारी संजय मयूख, प्रवक्ता गौरव भाटिया, संबित पात्रा, प्रेम शुक्ला, के के शर्मा आदि भी उपस्थित थे।

## भगवान केदारनाथ शीतकालीन गद्दीस्थल ओंकारेश्वर मंदिर ऊखीमठ में विराजमान

**रुद्रप्रयाग।** विश्व विख्यात भगवान केदारनाथ अगले छह माह के लिये अपने शीतकालीन गद्दीस्थल ओंकारेश्वर मंदिर ऊखीमठ में विराजमान हो गये हैं। शीतकालीन गद्दीस्थल पहुंचने पर हजारों भक्तों ने बाबा केदार का पुष्प एवं अक्षत से भव्य स्वागत किया। अब देश–विदेश से आने वाले भक्त शीतकालीन गद्दीस्थल में ही बाबा केदार के दर्शन करेंगे।

15 नवंबर को भगवान केदारनाथ के कपाट शीतकाल के लिये बंद किये गये थे। 15 नवंबर को बाबा केदार की पंचमुखी चल विग्रह उत्सव डोली अपने पहले रात्रि विश्राम के लिये रामपुर पहुंची थी। गुरुवार को बाबा केदार की डोली ने द्वितीय रात्रि प्रवास गुप्तकाशी में किया। आज शुक्रवार सुबह बाबा केदार की डोली की सभी पूजाएं संपन्न की गईं। जिसके बाद बाबा केदार की डोली गुप्तकाशी से अपने शीतकालीन गद्दीस्थल के लिये रवाना हुई। दोपहर 12 बजे बाबा केदारनाथ की डोली अपने शीतकालीन गद्दीस्थल पहुंची। शीतकालीन गद्दीस्थल पहुंचने पर डोली ने ओंकारेश्वर मंदिर की परिक्रमा की। जिसके बाद बाबा केदार की पंचमुखी मूर्ति को ओंकारेश्वर



मंदिर के गर्भगृह में विराजमान किया गया। डोली के पहुंचने पर हजारों भक्तों की भीड़ उमड़ पड़ी। भक्तों ने पुष्प–अक्षत से डोली का भव्य स्वागत किया। अब शीतकाल के अगले छह महीने तक बाबा केदार की पूजा–अर्चना ऊखीमठ के ओंकारेश्वर मंदिर संपन्न की जायेगी। देश–विदेश से पहुंचने वाले भक्त भी बाबा केदार की पूजा–अर्चना यहीं पर कर सकते हैं।

इस साल केदारनाथ धाम के कपाट 25 अप्रैल को खुले थे। 6 महीने तक श्रद्धालुओं ने बाबा केदार के दर्शन केदारनाथ धाम जाकर किए थे। इस साल मौसम ने केदारनाथ जाने वाले श्रद्धालुओं की कड़ी परीक्षा ली थी। यात्रा की शुरुआत से लेकर कई महीने तक यात्रा मार्ग पर मोटी बर्फ जमी थी। बीच–बीच में ग्लेशियर टूटकर मार्ग बाधित कर रहे थे।

## अब एसटीएफ रोकेगी दिल्ली में प्रदूषण; दिल्ली सरकार ने किया गठन, बढ़ जाएगी लोगों पर सख्ती

**नई दिल्ली, एजेंसी।** लगातार बढ़ते प्रदूषण से देश की राजधानी हांफ रही है। कई इलाकों में एक्यूआई 400 के पार दर्ज किया गया है। प्रदूषण की मार झेल रही दिल्ली में ग्रेडेड रिस्पांस ऐक्शन प्लान (ग्रैप) के चारों चरण लागू कर दिए गए हैं। हालांकि इसका कोई खास असर नहीं दिख रहा है। ऐसे में गुरुवार को दिल्ली सरकार ने प्रदूषण को रोकने के लिए विशेष कार्य बल (एसटीएफ) का गठन किया है। दिल्ली के पर्यावरण मंत्री गोपाल राय ने इसका ऐलान करते हुए बताया कि अभी जो स्थिति दिख रही है, उससे यह संभावना है कि अगले दो–तीन दिनों तक एक्यूआई बहुत खराब श्रेणी में ही रहने वाला है। अगले दो दिनों तक हवा की स्पीड कम रहेगी। ऐसे में प्रदूषण की स्थिति बहुत खराब बनी रहेगी।


इसे देखते हुए हमने छह सदस्यीय विशेष कार्य बल (एसटीएफ) का गठन किया है। जो ग्रैप के नियम हैं, उनको जमीनी स्तर पर लागू करने और नियमों पर निगरानी को और तेज करने के लिए एसटीएफ का गठन किया गया है। एसटीएफ के गठन के साथ दिल्लीवालों पर कोई अतिरिक्त पाबंदियां नहीं लगाई गई हैं। यानी जो नियम पहले से लागू हैं।

## कुलगाम में 5 आतंकवादियों का खात्मा

### दो दिन चले आपरेशन में सुरक्षा बलों को बड़ी कामयाबी

**श्रीनगर, एजेंसी।** जम्मू–कश्मीर के कुलगाम जिले में शुक्रवार को दूसरे दिन भी जारी मुठभेड़ में सुरक्षा बलों ने पांच अज्ञात आतंकवादियों को मार गिराया। मुठभेड़ गुरुवार दोपहर को तब शुरू हुई जब सुरक्षा बलों ने आतंकवादियों की मौजूदगी की सूचना मिलने के बाद समनो, दमहाल हांजीपोरा इलाके में एक संयुक्त अभियान चलाया। अधिकारी ने कहा कि तलाशी अभियान के दौरान, जैसे ही संयुक्त तलाशी दल संदिग्ध स्थान की ओर पहुंचा, छिपे हुए आतंकवादी ने उन पर अंधाधुंध गोलीबारी की, जिसका प्रभावी ढंग से जवाब दिया गया, जिससे मुठभेड़ शुरू हो गई। रात के दौरान इलाके में कड़ी घेराबंदी की गई।

अधिकारियों ने कहा कि आतंकवादियों को खदेड़ने का अभियान शुक्रवार सुबह सुबह शुरू हुआ और इसके बाद हुई मुठभेड़ में पांच आतंकवादी मारे गए। कश्मीर जोन पुलिस ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म 'एक्स' पर पोस्ट किया कि कुलगाम पुलिस, सेना और सीआरपीएफ ने पांच आतंकवादियों को मार गिराया। आपत्तिजनक सामग्री बरामद। ऑपरेशन अंतिम चरण में है। मारे गए लोगों की पहचान और समूह



से जुड़ाव स्थापित नहीं किया जा सका। पुलिस ने कहा कि इलाके को साफ किया जा रहा है।कश्मीर में बुधवार के बाद से यह दूसरी गोलीबारी है। बुधवार को बारामूला जिले के उरी सेक्टर में मुठभेड़ में शीर्ष लॉन्चिंग कमांडर बशीर अहमद मलिक सहित दो आतंकवादी मारे गए थे। सेना ने गुरुवार को कहा कि मलिक तीन दशकों से अधिक समय से सक्रिय था और जम्मू–कश्मीर में पाकिस्तान समर्थित सीमा पार आतंकवाद में एक महत्वपूर्ण घटक था। सेना की 8 राष्ट्रीय राइफल्स के कमांडिंग ऑफिसर कर्नल राघव ने एक मीडिया ब्रीफिंग के दौरान कहा कि वह उत्तर में लीपा से लेकर दक्षिण में राजौरी के सामने पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर के इलाकों तक आतंकवादी संगठनों के लिए एक महत्वपूर्ण आतंकवादी लांच कमांडर था।

## डकैती मामला : बदमाशों के चित्र जारी, दो-दो लाख का इनाम घोषित

**देहरादून :** राज्य स्थापना के दिन दून के रिलायंस ज्वैलरी शोरूम में हुई 14 करोड़ की डकैती में पुलिस ने दो बदमाशों को चिन्हित कर दो-दो लाख का इनाम घोषित किया है। दोनों बदमाश बिहार के एक ही गांव के हैं। दून पुलिस ने डकैती में शामिल दोनों बदमाशों का फोटो भी जारी किया है। पुलिस ने जल्द ही बदमाशों को गिरफ्तार करने की बात कही है।

एसएसपी अजय सिंह ने शुक्रवार को समाचार एजेंसी आरएनएस को जानकारी के मुताबिक दो अभियुक्तों प्रिंस कुमार (पुत्र शिवनाथ सिंह, निवासी ग्राम पानापुर दिलावरपुर, थाना बिद्दूपुर जिला वैशाली बिहार) व विक्रम कुशवाहा (पुत्र राम प्रवेश सिंह निवासी ग्राम पानापुर, दिलावरपुर जिला वैशाली, बिहार) को चिन्हित किया गया है। दोनों वांछित एक ही गांव के है। प्रत्येक अभियुक्त पर 2-2 लाख का इनाम घोषित किया गया है। गौरतलब है कि नौ नवंबर को राष्ट्रपति मुर्मू देहरादून में राज्य स्थापना कार्यक्रम में मौजूद थी। कड़ी सुरक्षा के बीच बदमाशों ने सुबह 10:30 बजे व्यस्तम राजपुर रोड स्थित रिलायंस ज्वैलरी शो रूम में धावा बोलकर करोड़ों के हीरे-सोना उड़ा लिया था।

इस डकैती के बाद पुलिस ने चार टीम विभिन्न राज्यों में भेजी है। स्वयं एसएसपी दून अजय सिंह भी बदमाशों की तलाश में प्रदेश से बाहर हैं। डकैती के बाद बदमाश अपनी दो बाइक व एक कार सहसपुर इलाके में छोड़ गए थे। पुलिस ने बिहार के सुबोध गैंग पर शक जताया है। बुधवार को पुलिस ने दो संदिग्ध बदमाशों को गिरफ्तार कर महत्वपूर्ण सुराग मिलने का दावा किया था। दूसरी ओर, कांग्रेस समेत अन्य विपक्षी दलों ने सरेआम पड़ी डकैती को मुद्दा बनाते हुए कानून व्यवस्था पर गहरी चोट की है। विपक्षी दल कांग्रेस ने कहा कि राष्ट्रपति के दौरे के दिन हुई डकैती ने सुरक्षा व्यवस्था की कलई खोल दी है।

उन्होंने बताया कि रिलायंस ज्वैलरी शोरूम डकैती में चिन्हित दोनों अभियुक्तों प्रिंस कुमार व विक्रम कुशवाहा का सेक्टर 24 रोहिणी दिल्ली में एक फ्लैट होने के संबंध में पुलिस टीम को जानकारी मिली। पुलिस टीम ने अभियुक्तों के रोहिणी स्थित फ्लैट पर दबिश दी ।

दबिश के दौरान पुलिस को फ्लैट की तलाशी में महत्वपूर्ण साक्ष्य मिले है।

एसएसपी के अनुसार दोनों अभियुक्त बेहद शातिर किस्म के अपराधी हैं, जिनके विरूद्ध अन्य प्रान्तों में संगीन अपराधों के कई अभियोग पंजीकृत हैं।

अभियुक्त प्रिंस के विरूद्ध जून 2020 में अपने साथियों के साथ मिलकर अपने गांव दिलावरपुर गोवर्धन की मुखिया पूनम देवी के पति लव कुमार सिंह की गोली मारकर हत्या करने के संबंध में थाना बिदुपुर, जिला वैशाली में हत्या का अभियोग पंजीकृत है तथा अभियुक्त विक्रम कुशवाह पर थाना सदर हाजीपुर जिला वैशाली में हथियारों के दम पर सुबोध पासवान नाम के व्यक्ति का अपरहण करने तथा उसे बचाने आये ग्रामीणों पर गोली चलाकर जानलेवा हमला करने के संबंध में अभियोग पंजीकृत है। इसके अतिरिक्त उक्त दोनों अभियुक्त 14 जून 2023 को सांगली महाराष्ट्र में रिलायंस ज्वैलरी शोरूम में हुई 14 करोड की लूट में भी सांगली से वांछित/प्रकाश में आये है। गैंग लीडर सुबोध कुमार की लातूर पुलिस द्वारा पुलिस कस्टडी रिमाण्ड ली गई थी, जिससे जानकारी प्राप्त करने हेतु एक टीम को लातूर रवाना किया गया था, उक्त टीम द्वारा अभियुक्त से पूछताछ में महत्वपूर्ण जानकारियां प्राप्त हुई, जिसमें किसी घटना को करने से पूर्व अभियुक्तों द्वारा 40–50 किलो मीटर की दूरी पर अलग-अलग वाहनों को खडा किया जाता था तथा वाहन चालकों को केवल दो से तीन व्यक्तियों अथवा उनके द्वारा दिये गए सामान को अपने स्थान से दूसरे पूर्व निर्धारित स्थान तक छोडने मात्र की जानकारी दी जाती थी, इसके अतिरिक्त घटना में शामिल अभियुक्तों को भी एक दूसरे के नाम व घटना में उनके रोल के अलावा और कोई जानकारी नहीं दी जाती थी, जिससे घटना के दौरान किसी के पकडे जाने पर वह अन्य लोगों के सम्बन्ध में और कोई जानकारी न दे पाये।

### सुबोध गैंग ने इन लूटों को दिया अंजाम

सुबोध गैंग द्वारा पश्चिम बंगाल के रायगंज में रिलायंस शोरूम में करोड़ों रुपए मूल्य के आभूषणों, बड़ानगर में मन्नापुरम गोल्ड में 11 करोड़ कीमत के सोने, आसनसोल में मुथूट फाइनेंस में 14 करोड़ कीमत के सोने, महाराष्ट्र के सांगली में रिलायंस शोरूम में 14 करोड़ के आभूषण, नागपुर में मन्नापुरम गोल्ड में 15 करोड़ का सोना, मध्य प्रदेश के कटनी में मन्नापुरम गोल्ड से 08 करोड़ कीमत का सोना, राजस्थान में उदयपुर में मन्नापुरम गोल्ड से 12 करोड़ कीमत का सोना, भिवाड़ी में एक्सिस बैंक से 90 लाख कैश तथा 30 लाख का सोना, व अन्य प्रांतों में भी लूट व डकैती की घटनाओं का अंजाम दिया है।

## झारखंड के चाईबासा में नक्सलियों के आईईडी ब्लास्ट में सीआरपीएफ जवान शहीद, दो अन्य घायल

रांची ,एजेंसी झारखंड के चाईबासा में माओवादी नक्सलियों द्वारा शुक्रवार को किए गए आईईडी ब्लास्ट में सीआरपीएफ का एक जवान शहीद हो गया है, जबकि एक अफसर एवं एक अन्य जवान गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनों घायलों को एयरलिफ्ट कर बेहतर इलाज के लिए रांची लाया गया है।शहीद हुए जवान का नाम संतोष उरांव बताया गया है। वे सीआरपीएफ 94 बटालियन के जवान थे। घायलों में सीआरपीएफ की 60वीं बटालियन के एजेतो तिने और कांस्टेबल जयंता नाथ शामिल हैं। दोनों नॉर्थ ईस्ट के रहने वाले हैं।

बताया गया कि सीआरपीएफ की टीम चाईबासा के हाथीबुरू जंगल क्षेत्र में नक्सलियों के खिलाफ सर्च ऑपरेशन पर निकली थी। इसी दौरान नक्सलियों द्वारा जमीन के नीचे लगाई गई आईईडी का जोरदार ब्लास्ट हुआ। बटालियन के तीन लोग इसकी चपेट में आए। गंभीर रूप से घायल हुए कांस्टेबल संतोष उरांव ने इलाज के लिए लाए जाने के दौरान दम तोड़ दिया। चाईबासा एसपी आशुतोष शेखर ने बताया है कि दोपहर के समय नक्सल अभियान पर निकले सुरक्षाबलों को निशाना बनाने के लिए आईईडी ब्लास्ट किया गया है। चाईबासा में नक्सलियों ने बीते अगस्त महीने से अब तक कम से कम आधा दर्जन बार आईईडी ब्लास्ट के जरिए सुरक्षा बलों को निशाना बनाया है। इस दौरान पुलिस और सुरक्षा बलों के चार अधिकारी–जवान शहीद हो चुके हैं।

बीते 28 सितंबर को जिले के अति नक्सल प्रभावित टोंटो थाना क्षेत्र के सरजमबुरू और तुंबाहाका गांव के पास के पहाड़ी के पास किए गए विस्फोट में एक जवान की मौत हो गई थी, जबकि दो अन्य घायल हो गए थे।

इसी तरह पिछले 14 अगस्त को टोंटो थाना क्षेत्र में नक्सलियों ने सुरक्षाबलों पर घात लगाकर हमला किया था, जिसमें एक सब इंस्पेक्टर और जगुआर फोर्स के एक जवान शहीद हो गये थे। इसी तरह बीते 13 सितंबर को भी कोल्हान के जंगल में नक्सलियों ने आईईडी विस्फोट कर सीआरपीएफ का सामान ले जा रहे ट्रैक्टर को उड़ा दिया था, जिसमें टैक्ट्रर के खलासी की मौत हो गई थी, जबकि चालक गंभीर रूप से घायल हो गया था।

## मुख्यमंत्री का जीरो टॉलरेंस महज जुमला—अखिलेश यादव

लखनऊ। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा कि उत्तर प्रदेश में भाजपा की डबल इंजन सरकार में अपराध, अन्याय और भ्रष्टाचार कई गुना बढ़ गया है। मुख्यमंत्री का जीरो टॉलरेंस महज जुमला बनकर रह गया है। अपराधी पूरी तरह बेलगाम हैं। यहां तक कि खाकी वर्दी को धमकाने और उनकी पिटाई करने में भी उन्हें भय नहीं है। उत्तर प्रदेश में अवांछित तत्वों की बढ़ती सक्रियता भाजपा सरकार के दावों की पोल खोल रही हैं। ऐसी अराजक स्थिति उत्तर प्रदेश में कभी भी नहीं रही है।



दीपावली की आधीरात घर के सामने ही पीएसी के एक इंस्पेक्टर की राजधानी लखनऊ में हत्या कर दी गई। 82 लाख रूपये ब्याज पर देकर सवा करोड़ वसूले फिर भी और वसूली से त्रस्त पत्रकारपुरम के कैफे संचालक आत्महत्या की कोशिश को मजबूर हो गया। जहां तक महिलाओं और बच्चियों के साथ दुष्कर्म की घटनाओं का सवाल है उत्तर प्रदेश की बदनामी बढ़ती जा रही है। कोई दिन ऐसा नहीं जाता जब उन्हें अपमानित और लांछित न किया जाता हो। अभी गत दो दिनों में कल्याणपुर में एक युवती को अगवाकर कन्नौज में ले जाकर उससे दुष्कर्म किया गया। फतेहपुर में एक 17 वर्षीय युवती की गुमशुदगी दर्ज हुई। लखनऊ के चिनहट इलाके में एक बच्ची को अगवाकर उससे दुराचार किया गया।

चिंता की बात यह है कि राजधानी में ठगी और खासकर साइबर ठगी का जाल फैलता ही जा रहा है। सीधे सादे लोग उनके जाल में फंसकर जमापूंजी लुटाते जा रहे हैं। साइबर जालसाज तो इतने शातिर है कि लखनऊके हजरतगंज इलाके में एक व्यवसायी के क्रेडिट कार्ड से ब्रिटेन की एक वेबसाइट पर 76 हजार रुपये (200 डालर) खर्च कर दिए। नौकरी दिलाने या प्लाट दिलाने के नाम पर भी ठगों के कई गिरोह सक्रिय है। बाराबंकी जिले के रामनगर तहसील के हेतमापुर गांव के मेले में हुए एक विवाद को सुलझाने गए दारोगा और महिला कांस्टेबल सहित तीन पुलिसकर्मियों को एक टेंट व्यवसायी ने लोहे की पाइप से पीट दिया। सभी घायल हो गए। मुख्यमंत्री कहते हैं कि उनके राज में अपराधी या तो जेल में हैं या प्रदेश से बाहर चले गए हैं।

### नारायणी नदी के छठ घाट पर दिखा विशाल मगरमच्छ, लोगों में दहशत का माहौल– जिला प्रशासन अलर्ट

गोपालगंज ,बिहार में चहुंओर लोक आस्था के महापर्व छठ को लेकर तैयारी चल रही है। वहीं गोपालगंज में गंडक (नारायणी) नदी के डुमरिया छठ घाट पर विशाल मगरमच्छ दिखाई देने के बाद लोग सकते में आ गए। स्थानीय लोगों का दावा है कि कई मगरमच्छ अटखेलियां करते देखे गए। कई लोगों ने इसका वीडियो भी बना लिया जो अब सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है।

स्थानीय लोगों का दावा है कि कई मगरमच्छ अठखेलियां करते देखे गए। कई लोगों ने इसका वीडियो भी बना लिया, जो अब सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। इधर, डुमरिया घाट पर मगरमच्छ दिखने के बाद जिला प्रशासन अलर्ट हो गया है। छठ व्रतियों से बैरिकेडिंग के अंदर ही स्नान करने और भगवान भास्कर को अर्घ्य देने की अपील की गई है। प्रशासन की ओर से मगरमच्छ से सावधान रहने के लिए बैनर–पोस्टर लगाकर लोगों को इसकी सूचना भी दी जा रही है।

गोपालगंज के पुलिस अधीक्षक स्वर्ण प्रभात ने आईएएनएस को बताया कि छठ घाटों पर सुरक्षा के मद्देनजर सभी तरह के उपाय किए जा रहे हैं। एसडीआरएफ को भी घाट पर तैनात किया जा रहा है।

## नौकरी के बदले जमीन मामला : दिल्ली की अदालत ने एके इंफोसिस्टम्स के प्रमोटर अमित कात्याल की ईडी हिरासत बढ़ाई

नई दिल्ली , दिल्ली की एक अदालत ने एके इंफोसिस्टम्स के प्रमोटर अमित कात्याल की प्रवर्तन हिरासत (ईडी) बढ़ा दी, जिन्हें पिछले हफ्ते कथित नौकरी के बदले जमीन घोटाले में गिरफ्तार किया गया था। कात्याल पर राष्ट्रीय जनता दल (राजद) प्रमुख और पूर्व रेलमंत्री लालू प्रसाद यादव की ओर से उम्मीदवारों से कई जमीनें हासिल करने का आरोप लगाया गया है।



उन्हें पहले हिरासत में लिया गया और बाद में वित्तीय जांच एजेंसी ने 11 नवंबर को धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के प्रावधानों के तहत गिरफ्तार कर लिया। गुरुवार को राउज एवेन्यू कोर्ट की विशेष न्यायाधीश गीतांजलि गोयल ने कात्याल को उनकी दो दिन की रिमांड खत्म होने पर 22 नवंबर तक ईडी की हिरासत में भेज दिया। दक्षिणी दिल्ली की पॉश न्यू फ्रेंड्स कॉलोनी में कात्याल के परिसर को एके इंफोसिस्टम्स के कार्यालय के रूप में घोषित किया गया था, लेकिन राजद नेता तेजस्वी यादव द्वारा आवासीय परिसर के रूप में इसका उपयोग किया जा रहा है।ईडी ने इस साल 31 जुलाई को राजद नेता राबड़ी देवी, मीसा भारती (लालू यादव की बेटी), विनीत यादव (लालू की बेटी हेमा यादव के पति), शिव कुमार यादव (हेमा यादव के ससुर), ए बी एक्सपोर्ट्स प्राइवेट लिमिटेड और ए के इंफोसिस्टम्स प्राइवेट लिमिटेड की 6.02 करोड़ रुपये की छह अचल संपत्तियों को कुर्क किया था। दोनों कंपनियां लालू प्रसाद यादव के परिवार के सदस्यों के स्वामित्व और नियंत्रण में हैं।कुर्क की गई संपत्तियों में डी–1088, न्यू फ्रेंड्स कॉलोनी, नई दिल्ली में स्थित आवासीय परिसर शामिल है, जिसका स्वामित्व एबी एक्सपोर्ट्स प्राइवेट लिमिटेड के पास है। पटना के महुआबाग (दानापुर) में स्थित दो भूमि पार्सल, जिनमें से एक राबड़ी देवी और एके इंफोसिस्टम्स प्राइवेट लिमिटेड के स्वामित्व में है, को भी कुर्क किया गया है।कंपनी का पंजीकृत पता डी–1088, न्यू फ्रेंड्स कॉलोनी, नई दिल्ली है, जो लालू प्रसाद यादव और उनके परिवार के सदस्यों का घर है। अमित कात्याल द्वारा उक्त कंपनी में कई अन्य जमीनें भी देने के बदले में हासिल की गई थीं। एजेंसी ने सोमवार को जारी एक बयान में आरोप लगाया, जब लालू प्रसाद यादव रेलमंत्री थे, तब उन्होंने उन्हें अनुचित लाभ पहुंचाया। इसमें कहा गया है कि जमीन अधिग्रहण के बाद, उक्त कंपनी के शेयर 2014 में लालू प्रसाद के परिवार के सदस्यों को हस्तांतरित कर दिए गए थे।दिल्ली उच्च न्यायालय ने इस महीने की शुरुआत में मनी लॉन्ड्रिंग मामले में प्रवर्तन मामले की सूचना रिपोर्ट (ईसीआईआर) की एक प्रति मांगने वाले कात्याल को राहत देने से इनकार करते हुए कहा था कि वह समन जारी करने के चरण में ईडी की जांच प्रक्रिया में बाधा नहीं डाल सकता है। न्यायमूर्ति स्वर्णकांत शर्मा ने कात्याल की याचिका खारिज कर दी थी। कात्याल ने ईसीआईआर और ईडी द्वारा जारी समन को रद्द करने की मांग की थी और जांच एजेंसी को मनी लॉन्ड्रिंग मामले में आगे की जांच सहित उनके खिलाफ कोई भी दंडात्मक कार्रवाई करने से रोकना चाहते थे।

## प्रियंका बिष्ट की कविता संग्रह क्षणिकाएं का हुआ विमोचन

**कोटद्वार** : नवोदित साहित्यकार प्रियंका बिष्ट की कविता संग्रह 'क्षणिकाएं' का विमोचन हो गया है। कविता संग्रह ब्ल्यू रोज की वेबसाइट के साथ ही अमेजान व फ्लिपकार्ट पर भी उपलब्ध है।राजकीय इंटर कालेज कोचियार में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कविता संग्रह का विमोचन प्रियंका बिष्ट की माता कलावती देवी, पिता आनंद सिंह व प्रभारी प्रधानाचार्य चंद्रमोहन ध्यानी ने किया। प्रधानाचार्य चंद्रमोहन ध्यानी ने कहा कि हमें अपने विद्यालय की छात्रा की उपलब्धि पर गर्व है। कहा कि विद्यार्थियों को भी जीवन में आगे बढ़ने का हर संभव प्रयास करना चाहिए। प्रियंका बिष्ट ने कहा कि रचना संग्रह में सभी कविताएं भावपरक होने के साथ ही संवेदना व प्रगतिशीलता के भाव से युक्त हैं। मेरी मां, मैं हार नहीं मानूंगी, हमारा सपना चंद्रयान-3 पर विजय पाना, पौराणिक उत्तराखंड, भ्रष्टाचार का मायाजाल, घर का गौरव बेटियां, दहेज प्रथा, पंच प्रण, हमारा राष्ट्र भारत आदि रचनाएं नवोदित साहित्यकार की सोच, सामर्थ्य, समाज के प्रति जुड़ाव व संवेदनशीलता को प्रदर्शित करती हैं। इस मौके पर पीटीए अध्यक्ष सत्यपाल सिंह रावत, ग्राम प्रधान कोचियार मंजू देवी पटवाल, ग्राम प्रधान संगलिया महिपाल रावत, पूर्व प्रधान महिपाल पटवाल, संजय बिष्ट, चंद्रमोहन नेगी, दिनेश जोशी, मनमोहन सिंह रावत, विनोद डबराल, उमेश्वरी, मौहम्मद आदि मौजूद रहे।

# बदहाल पड़ा ऐता-चरेख मोटर मार्ग, शिकायत के बाद भी सुध नहीं ले रहा सिस्टम

### बरसात के बाद से बदहाल स्थिति में पड़ा है ग्राम सभाओं को जोड़ने वाला मोटर मार्ग

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वार** : दुगड्डा ब्लक के अंतर्गत ऐता-चरेख मोटर मार्ग वर्षाकाल के बाद से बदहाल स्थिति में पड़ा हुआ है। मार्ग पर जगह-जगह बने गड्ढे दोपहिया वाहन चालकों की कमर तोड़ रहे हैं। कई स्थानों पर मार्ग का हिस्सा ही गायब हो गया है। ऐसे में वाहन चालकों को हर समय दुर्घटनाओं का अंदेशा बना रहता है। शिकायत के बाद भी सरकारी सिस्टम मार्ग मरम्मत की सुध नहीं ले रहा।

वर्ष 2010 में घाड़ क्षेत्र के चरेख, बंगला, धरगांव, उर्तिच्छा, सिमलखेत, पाली, रामड़ी, धूराताल, कैंतूगी, भेल सरूड़ा, उमरैला तल्ला व उमरैला मल्ला सहित अन्य गांव को सड़क से जोड़ने के लिए 22 किलोमीटर लंबे ऐता-चरेख मोटर मार्ग को स्वीकृति मिली थी। कार्यदायी संस्था ने फरवरी 2011 में 533 लाख रुपये से मार्ग निर्माण कार्य शुरू कर दिया था। लंबे इंतजार के बाद वर्ष 2015 में मार्ग बनकर तैयार हो गया था। दर्जनों गांव के सड़क से जुड़ने के बाद ग्रामीणों को इसका बेहतर लाभ भी मिल रहा था। लेकिन, वर्तमान में यह मार्ग पूरी तरह बदहाल हो चुका है। वर्षाकाल के दौरान मार्ग पर जगह-जगह भूस्खलन हो गया था। हालांकि मार्ग पर आए मलबे को हटा दिया गया था। लेकिन, अब भी मार्ग पर खतरा बना हुआ है। ग्राम प्रधान बाल नंदन सिंह रावत ने बताया कि मार्ग मरम्मत के लिए कई बार अधिकारियों को पत्र लिख चुके हैं। लेकिन, अब तक कोई भी मौके पर झांकने तक नहीं पहुंचा।

**एनएच का बना था विकल्प**

वर्षा काल के दौरान कोटद्वार-दुगड्डा राष्ट्रीय राजमार्ग बंद होने के बाद ऐता-चरेख मोटर मार्ग वैकल्पिक मार्ग बना था। कई दिन तक पहाड़ व मैदान के लिए वाहनों की आवाजाही इसी मार्ग से हो रही थी। बावजूद सरकारी सिस्टम लगातार उक्त मार्ग की अनदेखी कर रहा है।



दुगड्डा में बदहाल स्थिति में पड़ा ऐता-चरेख मोटर मार्ग

# सड़क कटिंग से यातायात प्रभावित न हो इसका रखें विशेष ध्यान : डीएम




जयन्त प्रतिनिधि। चमोली : जिलाधिकारी हिमांशु खुराना ने शुक्रवार को एनएचआईडीसीएल, बीआरओ तथा रेल विकास निगम से संबधित भूमि अधिग्रहण, वन भूमि एवं सिविल भूमि हस्तांतरण, सड़क चौड़ीकरण के लंबित प्रकरणों को लेकर समीक्षा बैठक ली। उन्होंने निर्देशित किया कि भूमि हस्तांतरण के लंबित प्रकरणों का त्वरित निस्तारण करते हुए योजनाओं के अवशेष कार्यों को शीघ्र पूरा करें।

बद्रीनाथ राष्ट्रीय राजमार्ग-07 पर चमोली से हेलंग के मध्य विरही में सड़क चौड़ीकरण के शेष कार्य को लेकर जिलाधिकारी ने एनएचआईडीसीएल को निर्देशित किया कि एसडीएम से समन्वय करते हुए सड़क चौड़ीकरण का कार्य पूरा किया जाए। सड़क कटिंग से यातायात प्रभावित न हो इसका विशेष ध्यान रखा जाए। आर्बिट्रेशन वाले लंबित प्रकरणों में दिए गए निर्णयों के अनुसार त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। तहसील से समन्वय करते हुए म्यूटेशन से संबधित प्रकरणों का निस्तारण किया जाए। जिलाधिकारी ने बीआरओ को निर्देशित किया कि सिमली-ग्वालदम मोटर मार्ग विस्तारीकरण के लिए शासन स्तर पर लंबित प्रकरणों के संबंध में उच्चाधिकारियों से समन्वय करते हुए शीघ्र निस्तारण करें।

मारवाड़ी में भूमि अधिग्रहण की कार्रवाई तत्काल पूरी करें। रेल विकास निगम को ग्राम कोलड़ा एवं भट्टनगर में अतिरिक्त अर्जित की जा रही भूमि का प्रस्ताव शीघ्र उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। बैठक में अपर जिलाधिकारी डा. अभिषेक त्रिपाठी, संयुक्त मजिस्ट्रेट डॉ. दीपक सैनी, एनएचआईडीसीएल के उप महाप्रबंधक शैलेन्द्र कुमार, बीआरओ से मेजर प्रतीक काले, सहायक अभियंता सतपाल सिंह, आरवीएनएल के महाप्रबंधक सूरज प्रकाश सहित वर्चुअल माध्यम से अन्य संबधित अधिकारी उपस्थित थे।

# बिगड़ती कानून व्यवस्था पर भड़की कांग्रेस, सरकार का फूंका पुतला

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वार** : प्रदेश में लगातार बिगड़ रही कानून व्यवस्था पर कांग्रेस ने रोष व्यक्त किया है। कार्यकर्ताओं ने प्रदेश सरकार का पुतला दहन करते हुए व्यवस्थाओं में सुधार की मांग उठाई। कहा कि देवभूमि में अपराध किसी भी हाल में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

शुक्रवार को कांग्रेस कार्यकर्ता झंडाचौक पर एकत्रित हुए और प्रदेश सरकार के खिलाफ नारेबाजी की। कहा कि चुनाव के दौरान भाजपा ने प्रदेश को पूरी तरह अपराध मुक्त बनाने का आश्वासन दिया था। लेकिन, वर्तमान में अपराध का ग्राफ लगातार बढ़ता जा रहा है। कुछ दिन पूर्व देहरादून में दिन दहाड़े एक शोरुम में डाका डाल दिया गया। यही नहीं, महिलाओं के खिलाफ भी अपराध लगातार बढ़ते जा रही हैं। प्रदेश में महिलाएं स्वयं को असुरक्षित महसूस कर रही है। अपराधियों के हौसले लगातार बुलंद होते जा रहे हैं। कहा कि लगातार बिगड़ रही व्यवस्थाओं के लिए प्रदेश सरकार जिम्मेदार है। पुतला दहन करने वालों में नगर अध्यक्ष संजय मित्तल, कार्यकारी अध्यक्ष प्रवीन रावत, महावीर रावत, बृजपाल नेगी, सुनील दत्त सेमवाल, अंकुश घिल्डियाल, चंद्रमोहन खर्कवाल, अभिषेक अग्रवाल आदि मौजूद रहे।




कोटद्वार के झंडाचौक में प्रदेश सरकार का पुतला दहन करते कांग्रेसी

# जंगली जानवर का आतंक, पशुओं को बना रहा निवाला

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वार** : जयहरीखाल ब्लॉक के विभिन्न गांवों में एक बार फिर छनियों से पठालें निकालकर पशुओं पर हमला करने वाला जंगली जानवर सक्रिय हो गया है। वह रात में ग्रामीणों की छनियों से पठालें निकालकर वहां बंधे पशुओं को अपना निवाला बना रहा है, इस कारण ग्रामीण दहशत में हैं।

वर्तमान में ब्लाक के बड़गांव, पैनल गांव, पठोलगांव और खैणी गांव के ग्रामीण इसके आतंक से दहशत में हैं। बुधवार रात को इस जंगली जानवर ने ग्राम खैणी निवासी यशवंत सिंह नेगी की छनी को अपना निशाना बनाया।

रात करीब एक बजे जब यह जानवर छनी के पठाले निकाल रहा था तभी अचानक से पड़ोस में रहने वाले चंदन सिंह की नींद खुल गई। जब वह बाहर आया तो यह जानवर छानी के काफी पठालें निकाल चुका था। उनके शोर मचाने पर वह भाग खड़ा हुआ और हादसा होने से बच गया।

ग्रामीणों मनोज कुमार, आशीष कुमार, दिनेश चंद्र, अजय कुमार ने बताया कि पूर्व में भी यह जानवर ग्राम सिधार, बडगांव, मंझोला और पठोलगांव में कई ग्रामीणों की छनियों के पठालें तोड़कर उनके दुधारू पशुओं को अपना निवाला बना चुका है। ग्रामीणों ने रोष व्यक्त करते हुए कहा कि सरकार को जंगली जानवरों के ग्रामीणों को निजात दिलाने के लिए ठोस नीति बनानी चाहिए नहीं तो भविष्य में गांवों का अस्तित्व ही समाप्त हो जायेगा।

# 1777 परीक्षार्थी देगें ग्रुप सी की परीक्षा

जयन्त प्रतिनिधि। चमोली : उत्तराखंड लोक सेवा आयोग द्वारा 19 नवंबर (रविवार) को सहकारिता पर्यवेक्षक एवं पर्यावरण पर्यवेक्षक भर्ती परीक्षा की तैयारियों को लेकर अपर जिलाधिकारी डॉ. अभिषेक त्रिपाठी ने शुक्रवार को सभी नोडल अधिकारियों, सेक्टर मजिस्ट्रेट एवं केन्द्र व्यवस्थापकों के साथ बैठक की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि आयोग द्वारा जारी गाइडलाइन के अनुरूप परीक्षा को शांतिपूर्ण और पारदर्शिता के साथ संपन्न कराया जाए। सभी केंद्रों पर परीक्षा से एक दिन पूर्व ब्रीफिंग की जाए और अभ्यर्थियों के बैठने के लिए सीटिंग प्लान तैयार किया जाए। परीक्षा केन्द्रों पर वीडियोग्राफी की व्यवस्था भी सुनिश्चित करें।लोक सेवा आयोग के समीक्षा अधिकारी ने बताया कि सहकारिता पर्यवेक्षक एवं पर्यावरण पर्यवेक्षक की परीक्षा के लिए जनपद में 06 परीक्षा केन्द्र बनाए गए है, जिसमें कुल 1777 परीक्षार्थी शामिल होंगे। आयोग के निर्देशों के अनुसार इस बार पेपर के पैकेट परीक्षा कक्ष में अभ्यर्थियों के सामने खोले जाएगें। परीक्षा केन्द्र में घड़ी, स्मार्ट वाच, मोबाइल फोन एवं गैजेट्स पूर्णतः प्रतिबंधित रहेंगे। पुलिस को परीक्षा के दौरान कड़ी सुरक्षा व्यवस्था और स्वास्थ्य विभाग को चिकित्सा टीमों को अलर्ट रखने के निर्देश दिए गए है।

अपर जिलाधिकारी ने नियुक्त सभी अधिकारियों को संवेदनशीलता के साथ अपनी जिम्मेदारियों का पूरी तरह से निर्वहन करते हुए आयोग के दिशा निर्देशों के अनुरूप परीक्षा को संपन्न कराने के निर्देश दिए। बैठक में संयुक्त मजिस्ट्रेट डॉ. दीपक सैनी, सीओ पुलिस नताशा सिंह, सीटीओ मामूर जहॉ, परिवहन अधिकारी ज्योति शंकर मिश्र, लोक सेवा आयोग के समीक्षा अधिकारी महेंद्र खत्री सहित सभी सेक्टर मजिस्ट्रेट, केन्द्र व्यवस्थापक एवं संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

### सहकारिता पर्यवेक्षक एवं पर्यावरण पर्यवेक्षक परीक्षा कल

जयन्त प्रतिनिधि।चमोली : उत्तराखण्ड लोक सेवा आयोग द्वारा 19 नवम्बर (रविवार) को सहकारिता पर्यवेक्षक एवं पर्यावरण पर्यवेक्षक (समूह ग) भर्ती परीक्षा का आयोजन किया जा रहा है। जिला मजिस्ट्रेट हिमांशु खुराना के आदेशों के क्रम में जनपद के सभी परीक्षा केन्द्रों पर शाांति व्यवस्था बनाए रखने हेतु परीक्षा केन्द्र की 200 मीटर की परिधि में शनिवार को अपराह्न 5 बजे से रविवार को अपराह्न 6 बजे तक धारा-144 लागू रहेगी। सहकारिता पर्यवेक्षक एवं पर्यावरण पर्यवेक्षक की परीक्षा के लिए जनपद में 6 परीक्षा केन्द्र बनाए गए है। परीक्षा केन्द्रों की 200 मीटर की परिधि के अन्तर्गत 5 या इससे अधिक व्यक्तियों के एक साथ एक स्थान पर एकत्रित होने, जुलूस, झांकी, जनसभा, प्रदर्शन, लाउडस्पीकर के प्रयोग पर रोक तथा किसी भी प्रकार का शस्त्र ले जाना पूरी तरह वर्जित रहेगा। परीक्षा केन्द्र परिसर में सेलुलर फोन, पेजर, पाठ्य सामग्री ले जाने की अनुमति कदापि नही होगी।

# जीवन जीने का तरीका बताती है भागवत : ममगाईं

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वार** : आचार्य शिव प्रसाद ममगाईं ने कहा कि श्रीमद्भागवत कथा मनुष्य को बेहतर जीवन जीने का तरीका बताती ही। एक बेहतर सोच का व्यक्ति ही बेहतर समाज का निर्माण कर सकता है।

द्वारीखाल में ब्लाक प्रमुख महेंद्र राणा के पित्रों की स्मृति में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा का वाचन करते हुए आचार्य ममगाईं ने यह बात कही। कहा कि हमारा भागवत कथा मनुष्य को जीने का तरीका बताती है। संसार में केवल ईश्वर का नाम ही सत्य है। वेद ऐसा गाते हैं कि वही तू है (तत्वमसि), जल और जल की लहर की भांति उसमें और तुझमें कोई भेद नहीं है। ईश्वर न तो दूर है और न अत्यंत दुर्लभ ही है। सच्चे मन से ईश्वर की भक्ति करने वाले व्यक्ति के समस्त कष्ट दूर हो जाते हैं। इस मौके पर ब्लाक प्रमुख कल्जीखाल बीना राणा, सरिता राणा, सुदर्शन जुयाल, दीपक गौड़, हिमांशु मैठानी, अंकित केमनी, अर्जुन पटवाल, संजीव जुयाल आदि मौजूद रहे।

# 7 दिसंबर को दिल्ली में होगा एबीवीपी का राष्ट्रीय अधिवेशन

**श्रीनगर गढ़वाल** : अखिल भरतीय विद्यार्थी परिषद का 69वां राष्ट्रीय अधिवेशन सात से 10 दिसंबर को दिल्ली में आयोजित होगा। शुक्रवार को श्रीनगर में एबीवीपी ने अधिवेशन का पोस्टर विमोचन किया। पत्रकारों से वार्ता करते हुए विद्यार्थी परिषद के प्रदेश मंत्री ऋतांशु कंडारी ने कहा कि आजादी के अमृत महोत्सव को देखते हुए एबीवीपी का अधिवेशन इस बार बुराड़ी डीडीए ग्राउंड के इंद्रप्रस्थ नगर में आयोजित किया जायेगा। इस पूरे नगर का नाम पांडवकालीन राजधानी रही इंद्रप्रस्थ नगर के नाम पर रखा गया है। कहा कि अधिवेशन में देशभ्र से 10 हजार विद्यार्थी पहुंचेंगे। साथ ही उत्तराखंड से 250 छात्र-छात्राएं यहां से दिल्ली पहुंचेंगे। अधिवेशन में 35 प्रतिशत छात्रायें प्रतिभग करेंगी। कहा कि अधिवेशन में शिक्षा के बदलाव सहित भैगोलिक मुद्दों पर मंथन करने के साथ प्रस्ताव पारित किये जायेंगे। कंडारी ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बतौर मुख्त अतिथि शिरकत कर अधिवेशन का शुभरंभ कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि अधिवेशन के दौरान अखिल भरतीय विद्यार्थी परिषद की 75 वर्षों की संगठनात्मक यात्रा के महत्वपूर्ण पड़ावों से विद्यार्थियों को परिचित कराया जाएगा। अधिवेशन को सफल बनाने के लिए एबीवीपी कार्यकर्ता अभी से जुट गए हैं। इस मौके पर एबीवीपी के राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य संदीप राणा, विभग छात्रा प्रमुख अनुष्का पंवार, शेखर रावत, अक्षितेश नैथानी सहित आदि मौजूद थे। (एजेंसी)

# मिनी कॉन्क्लेव का आयोजन किया जाएगा

जयन्त प्रतिनिधि।चमोली : जनपद चमोली में पर्यटन, उद्योग, स्वास्थ्य, शिक्षा और विभिन्न क्षेत्रों में निवेश के लिए इस नवंबर माह के आखिर में जनपद स्तरीय निवेशक मिनी कॉन्क्लेव का आयोजन किया जाएगा। मिनी कॉन्क्लेव की तैयारियों को लेकर शुक्रवार को जिलाधिकारी हिमांशु खुराना ने सभी संबधित अधिकारियों की बैठक ली। जिसमें समिट के आयोजन की विस्तृत रूपरेखा तैयार की गई।

जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि इन्वेस्टर्स समिट की सभी तैयारियां समय पर सुनिश्चित की जाए। समिट के उपयुक्त स्थल का चयन करते हुए मुख्य अतिथियों एवं निवेशकों को शीघ्र निमंत्रण पत्र भेजे जाए। प्रमुख स्थानों पर होर्डिंग, बैनर्स के माध्यम से इन्वेस्टर्स समिट का व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाए।

आयोजन स्थल पर समिट के दौरान स्थानीय उत्पादों के आकर्षक स्टॉल लगाए जाए। समिट में प्रतिभाग करने वाले निवेशकों के लिए जलपान, भोजन इत्यादि की समुचित व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाए। इस दौरान समिट के आयोजन हेतु विभिन्न व्यवस्थाओं को लेकर संबधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी डॉ. एलएन मिश्र, सीटीओ मामूर जहॉ, परियोजना निदेशक आंनद सिंह, जिला उद्योग केन्द्र के महा प्रबंधक चंचल सिंह बोहरा सहित व्यवस्थाओं से जुड़े समस्त रेखीय विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

# रसायन विज्ञान में उत्कृष्ट शोध के लिए डा. शैलेंद्र को मिला डीएससी सम्मान

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वार** : रसायन विज्ञान में उत्कृष्ट शोध के लिए सेंट्रल अमेरिका विश्व विद्यालय की ओर से डा. शैलेंद्र प्रकाश मधवाल को आरनेरी डॉक्टर ऑफ साइंस (डीएससी) सम्मान दिया गया है।

राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय जयहरीखाल में विज्ञान विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. शैलेंद्र प्रकाश मधवाल ने बताया कि उन्होंने अपनी डाक्टरेट रसायन विज्ञान में आरएंडडी शोध ड्रग्स में की है। उनके कई शोध पत्र राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय जर्नल्स में प्रकाशित हो चुके हैं।

वह राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय विज्ञान एजेंसी के फैलो मेंबर भी हैं। बताया कि पूर्व में उन्हें साउथ अमेरिका विश्वविद्यालय से आरनेरी डाक्टर आफ लैटर्स (डीलिट) की उपाधि प्रदान की थी।

इससे पूर्व डा. मधवाल को एशिया पेसिफिक इंटरनेशनल आवर्ड ज्वैल ऑफ इंडिया अवार्ड, विद्या रत्न गोल्ड मेडल अवार्ड, राष्ट्रीय विद्या सरस्वती पुरस्कार, गोल्ड स्टार ऐशिया इंटरनेशनल अवार्ड सहित अन्य अवार्ड भी मिल चुके हैं।



डीएससी अवार्ड के साथ डा. शैलेंद्र प्रकाश मधवाल

# स्वर्ण पदक जीतने पर समृद्धि थपलियाल को किया सम्मानित

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वार** : कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने 37वें राष्ट्रीय खेल में मिनी गोल्फ स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीतने वाली तल्ला मोटाढांक निवासी समृद्धि थपलियाल को सम्मानित किया। समृद्धि वर्तमान में पतंजलि यूनिवर्सिटी से बैचलर ऑफ फिजिकल एजूकेशन एंड स्पोर्ट्स का कोर्स कर रही हैं। कॉलेज से दो साल के कोर्स के दौरान ही उन्होंने मिनी गोल्फ में हिस्सा लिया और प्रदेश को गोल्ड मेडल भी दिलाया।

शुक्रवार को पूर्व राज्य मंत्री एवं एडवोकेट जसबीर राणा के नेतृत्व में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने तल्ला मोटाढांक स्थित उनके आवास पर पहुंचकर समृद्धि थपलियाल को सम्मानित किया। उन्होंने समृद्धि के खेल के क्षेत्र में बेहतर भविष्य की कामना की।

इस दौरान समृद्धि के परिजनों के साथ ही पूर्व प्रधान वीरेंद्र रावत, विनोद रावत, देवेंद्र भट्ट, राकेश शर्मा और श्रीधर वेदवाल आदि मौजूद रहे।

## बहुउदेशीय शिविर 25 को

**जयन्त प्रतिनिधि।**

चमोली : विकासखण्ड देवाल के वांण में बहुउदेशीय शिविर का आयोजन किया जाएगा।

प्रभारी अधिकारी चन्दन बनकोटी ने जानकारी देते हुए बताया कि आम जनता की समस्याओं के निस्तारण के लिए जिलाधिकारी की अध्यक्षता में 25 नवम्बर (शनिवार)को 11 बजे से 2 बजे तक वांण में बहुउदेशीय शिविर का आयोजन किया जाएगा।

जिलाधिकारी ने सभी जिला स्तरीय अधिकारियों को निर्धारित समय पर अनिवार्य रूप से प्रतिभाग करने के निर्देश दिए हैं।

# स्वास्थ्य शिविर में 200 ग्रामीणों ने कराई जांच, 4 दिव्यांग प्रमाण पत्र बनाएं



जयन्त प्रतिनिधि।चमोली : जिलाधिकारी हिमांशु खुराना की पहल पर अस्पताल जनता के द्वार कार्यक्रम के तहत शुक्रवार को स्वास्थ्य विभाग एवं समाज कल्याण विभाग द्वारा नंदानगर ब्लाक के रामणी गांव में मल्टी स्पेशिलिटी निःशुल्क स्वास्थ शिविर का आयोजन किया गया। इस दौरान 200 से अधिक ग्रामीणों की स्वास्थ्य जांच और प्रमाण पत्र वितरित कर लाभान्वित किया गया। स्वास्थ्य शिविर में 4 दिव्यांग प्रमाण पत्र वितरित किए गए एवं 23 लोगों का आयुष्मान कार्ड बनाए गए।

एसीएमओ डॉ. एमएस खाती तथा खंड विकास अधिकारी बिलेश्वर प्रसाद पंत ने शिविर का शुभारंभ किया। एसीएमओ ने लाभार्थियों को स्वास्थ्य विभाग की ओर से संचालित लोक कल्याणकारी योजनाओं आयुष्मान भव अभियान के अंतर्गत आयुष्मान भारत हेल्थ अकाउंट (आभा) आईडी, टीवी मुक्त पंचायत के बारे में विस्तृत जानकारी दी। स्वास्थ्य शिविर में अस्थि रोग के 63, नाक कान गला के 22, नेत्र के 28, दंत के 18, सामान्य रोग के 64, आयुर्वेदिक के 36, होमियोपैथी के 64, निःशुल्क रक्त जांच 15, गैरसंचारी रोगों के 29 व्यक्तियों की स्क्रीनिंग की गई। शिविर में घूणी रामणी, पडेर गांव, टांगला, बुरा, सुंग, ल्वांणी, आला गांवों के ग्रामीणों ने स्वास्थ्य लाभ लिया। शिविर में नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. एमएस खाती, अस्थि रोग विशेषज्ञ डॉ. वैभव नौटियाल, फिजीशियन डॉ. कृष्णा, ईएनटी सर्जन डॉ. शिखा भट्ट, डेंटल सर्जन डॉ. श्रुति आदि मौजूद थे।

# केदारनाथ में श्रद्धालुओं की बढ़ती संख्या महिला समूहों के लिए बनी सौगात

### महिला समूहों ने यात्रा के दौरान करीब 70 लाख रुपए से ज्यादा का किया कारोबार,अकेले चोलाई के प्रसाद से हुआ लगभग 65 लाख रूपए का व्यवसाय





जयन्त प्रतिनिधि। चमोली : श्री केदारनाथ धाम यात्रा इस बार जनपद की महिलाओं के लिए सौगात दे गई। जनपद में संचालित महिला समूहों के लिए यह यात्रा बेहद सुखद साबित हुई। इस वर्ष रिकॉर्ड 19 लाख 60 हजार से ज्यादा श्रद्धालु बाबा केदारनाथ धाम के दर्शनों को पहुचें जिसका सीधा प्रभाव महिलाओं की आय एवं आर्थिकी पर भी देखने को मिला। श्रद्धालुओं की बढ़ती संख्या के चलते महिला समूहों के व्यवसाय को नई ऊंचाइयां मिली। केदारनाथ यात्रा से जुड़े विभिन्न महिला समूहों ने इस वर्ष 70 लाख रुपए से ज्यादा का व्यापार किया। अकेले चोलाई के प्रसाद से लगभग 65 लाख रूपए का व्यवसाय हुआ। इसके अलावा स्थानीय हर्बल धूप, चूरमा, बेलपत्री, शहद, जूट एवं रेशम के बैग आदि से पांच लाख रुपए की कमाई महिलाओं द्वारा की गई है।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी सरकार के महिला स्वयं सहायता समूहों के माध्यम से महिलाओं के उत्थान को किए जा रहे प्रयासों को भी इससे बल मिला है। इसी क्रम में महिला समूहों द्वारा तैयार उत्पादों को बढ़ावा देने के लिए मुख्यमंत्री ने सचिवालय परिसर में मिलेट बेकरी ऑउटलेट की भी शुरुआत की है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आत्मनिर्भरता एवं स्वरोजगार का मंत्र अपना कर दूसरों को रोजगार देने की अपील से प्रभावित जिले की महिलाएं सीधे तौर पर केदारनाथ यात्रा में अपना योगदान दे रही हैं। जिसमें मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी सरकार द्वारा महिलाओं को हर संभव मदद की जा रही है। जनपद में महिलाएं बाबा केदारनाथ धाम के लिए स्थानीय उत्पादों से निर्मित प्रसाद तैयार करने के साथ ही यात्रा मार्ग पर रेस्तरां, कैफे संचालित करने के साथ ही स्थानीय उत्पाद बेचकर आत्मनिर्भर बन रही हैं।

### महिलाओं ने किया 35 लाख रुपए का व्यवसाय

श्री केदारनाथ धाम में जिले की महिलाओं द्वारा तैयार प्रसाद का विपणन करने वाले केदारनाथ प्रसादम सहकारी संघ के सचिव भाष्कर पुरोहित ने बताया कि उन्होंने विभिन्न हैलीपैड़ एवं मंदिर परिसर में तीर्थ यात्रियों को करीब 35 लाख रुपए का प्रसाद बेचा। बताया कि उनके पास जिले भर के करीब 20 महिला स्वयं सहायता समूहों की 400 से ज्यादा महिलाओं द्वारा तैयार चोलाई के लड्डू, हर्बल धूप, चूरमा, बेलपत्री, शहद, जूट एवं रेशम के बैग आदि पहुंचता है। इसके अलावा गंगा जल के लिए पात्र एवं मंदिर की भस्म भी प्रसाद पैकेज का हिस्सा हैं। वहीं जनपद के काश्तकारो से 70 रूपए प्रतिकिलो के हिसाब से करीब 500 कुंतल चोलाई की खरीद की गई, जिसका सीधा लाभ किसानों को मिला है।

### रोजगार के साथ स्थानीय उत्पादों को भी मिला बढ़ावा

गंगा दुग्ध उत्पादन संघ की अध्यक्ष घुंघरा देवी ने बताया कि इस वर्ष उन्होंने करीब 106 कुंतल चोलाई के लड्डू एवं चूरमा तैयार कर केदारनाथ में बेचा है। पिछले छह महीनों में उन्होंने 65 से ज्यादा महिलाओं को रोजगार दिया, जिसमें 30 महिलाएं एनआरएलएम के तहत गठित समूहों के माध्यम से उनसे नियमित तौर पर जुड़ी हैं। पूरी यात्रा के दौरान उन्होंने करीब 25 लाख रुपए के लड्डू एवं चूरमा बेचा। समूह से जुड़ी महिलाओं को प्रतिदिन 300 रुपए मेहनताना देने के साथ ही समय-समय पर प्रशिक्षण भी देते हैं। बताया कि वर्ष 2017 में प्रसाद योजना शुरू होने से पहले चैलाई का उत्पादन बेहद सीमित हो गया था, जबकि अब इसके उत्पादन में बढोतरी हुई है। बताया कि वे 60 रुपए प्रति किलो के हिसाब से किसानों से चैलाई की खरीद करते हैं। इसके अलावा बेलपत्री का उत्पादन करने वाले किसानों को भी योजना का सीधा लाभ मिल रहा है। केवल बेलपत्री बेच कर महिलाओं ने करीब साढ़े तीन लाख रुपए की कमाई की है।

## सम्पादकीय

# आलोचना की भी सीमा हो निर्धारित

साढ़े नौ साल तक प्रचंड बहुमत के साथ निर्बाध सत्ता चलाने के बाद भी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उनके पीछे पीछे पार्टी के दूसरे नेता कांग्रेस की जैसी आलोचना करते हैं वह अक्सर अनुपात से ज्यादा और दायरे से बाहर दिखती है। कांग्रेस को भले लोकसभा में 10 फीसदी सीटें नहीं मिली हैं और इस वजह से उसे तकनीकी रूप से मुख्य विपक्षी पार्टी का दर्जा नहीं मिला है लेकिन वह देश की सबसे बड़ी विपक्षी पार्टी है। लोकसभा में उसका स्थान है और देश के चार राज्यों में उसी सरकार है। वह अपने गठबंधन सहयोगियों के साथ देश के तीन बड़े राज्यों में सरकार में शामिल है और सात–आठ राज्यों में मुख्य विपक्षी पार्टी है। ऐतिहासिक रूप से पार्टी ने आजादी की लड़ाई और उसके बाद आजाद भारत के शुरुआती दिनों में देश के निर्माण में एक भूमिका निभाई है, जिसे कई बार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी स्वीकार किया है। कुछ दिन पहले ही संसद के विशेष सत्र में उन्होंने आजादी के 75 साल के दौरान देश को बनाने में सभी पूर्व प्रधानमंत्रियों के योगदान की सराहना की थी। दूसरी ओर विपक्ष को प्रधानमंत्री की आलोचना में संयम बरतना चाहिए। नरेंद्र मोदी के गुजरात का मुख्यमंत्री रहते कांग्रेस ने दायरे से बाहर जाकर जो आलोचना की थी उसने उनके लिए दिल्ली की राह आसान कर दी। उसी तरह अब जिस अंदाज में उनको अडानी के लिए काम करने वाला बता कर निजी हमले हो रहे हैं उसे भी स्वस्थ राजनीतिक आलोचना नहीं कह सकते। बहरहाल, इस बात को भी सभी स्वीकार करते हैं कि लोकतंत्र की मजबूती के लिए एक मजबूत विपक्ष का होना जरूरी है। सो, कांग्रेस एक मजबूत विपक्ष है, जिससे रचनात्मक भूमिका निभाने की उम्मीद की जाती है। भाजपा उसकी प्रतिद्वंद्वी पार्टी है और उसे पूरा अधिकार है कि वह कांग्रेस की आलोचना करे। चुनाव प्रचार के दौरान उस पर आरोप लगाए और लोगों से उसे वोट नहीं देने की अपील करे। लेकिन राजनीतिक प्रतिद्वंद्वी की आलोचना की भी एक मर्यादा होती है, सीमा होती है। लोकतांत्रिक व्यवस्था में आलोचना के नाम पर कुछ भी नहीं कहा जा सकता है। पांच राज्यों के विधानसभा चुनावों में प्रधानमंत्री और गृह मंत्री अपनी सभाओं में कांग्रेस के लिए कह रहे हैं कि वह देश विरोधी ताकतों से मिली हुई है और वह आतंकवादियों के प्रति सहानुभूति रखती है। ये कोई साधारण आरोप नहीं हैं। भारत में या दुनिया के किसी भी देश में विपक्षी पार्टियों पर जो आरोप लगते हैं वे एक दायरे में होते हैं। कांग्रेस पर भी इस दायरे में आरोप लगते हैं– जैसे वह भ्रष्ट है, परिवारवादी है, उसने कोई काम नहीं किया, उसने जनता को धोखा दिया, वह एक जाति या समुदाय का तुष्टिकरण करती है आदि आदि। ये सभी राजनीतिक आरोप हैं। ये ऐसे मामले हैं, जिन्हें आरोप लगाने वाली पार्टी अदालत में नहीं ले जाती है। इन पर अंतिम फैसला कानून के जरिए किसी अदालत में नहीं होता है, बल्कि जनता करती है। परंतु देश विरोधी ताकतों से मिला होना और आतंकवादियों के प्रति सहानुभूति रखना, राजनीतिक आरोप नहीं हैं। ये गंभीर आपराधिक आरोप हैं और अगर प्रधानमंत्री इस तरह के आरोप लगा रहे हैं तो उसकी गंभीरता और बढ़ जाती है। प्रधानमंत्री और गृह मंत्री को निश्चित रूप से पता होगा कि जन प्रतिनिधित्व कानून की धारा 29ए के तहत प्रावधान है कि अगर कोई पार्टी देश की एकता, अखंडता और संप्रभुता में विश्वास नहीं करती है यानी देश विरोधी काम करती है या गैरकानूनी गतिविधि रोकथाम कानून या ऐसे ही किसी अन्य कानून के तहत पार्टी को गैरकानूनी करार दिया जाता है तो उसका पंजीकरण रद्द कर दिया जाएगा। कांग्रेस के ऊपर देश विरोधी ताकतों से मिले होने और आतंकवादियों के प्रति सहानुभूति रखने के जो आरोप लगाए जा रहे हैं अगर वो सही हैं तो जन प्रतिनिधित्व कानून की धारा 29ए के तहत उसका पंजीकरण रद्द हो जाना चाहिए और उसका नाम व चुनाव चिन्ह जब्त कर लिया जाना चाहिए। लेकिन सरकार ऐसा नहीं कर रही है। इतने गंभीर आरोप लगाने और सत्ता में होते हुए भी उस पर कोई कार्रवाई नहीं करने के तीन मतलब निकाले जा सकते हैं। पहला, सरकार के शीर्ष स्तर से जो आरोप लगाए जा रहे हैं वो सही नहीं हैं, दूसरा, सिर्फ राजनीतिक फायदे के लिए आरोप लगाए जा रहे हैं और तीसरा, कांग्रेस के साथ साथ सरकार भी राष्ट्रीय सुरक्षा से समझौता कर रही है। ध्यान रहे सबसे बड़ी विपक्षी पार्टी के नाते लोकसभा में कांग्रेस के नेता संसद की लोक लेखा समिति के अध्यक्ष होते हैं। अगर पार्टी देश विरोधी ताकतों से मिली हुई है तो उसके नेता को कैसे ऐसी समिति का अध्यक्ष होना चाहिए, जहां तमाम संवेदनशील रिपोर्ट पेश की जाती है? लोकसभा में कांग्रेस के नेता कई अहम नियुक्तियों के लिए बनाई गई कमेटी के सदस्य होते हैं, जिनमें प्रधानमंत्री और चीफ जस्टिस भी शामिल होते हैं। वहां भी कई अहम, गोपनीय और संवेदनशील जानकारी साझा की जाती है। अगर कांग्रेस देशविरोधियों से मिली हुई है तो ऐसी संवेदनशील जगह पर भी उसके नेता को क्यों होना चाहिए? ऐसी पार्टी, जिस पर प्रधानमंत्री आरोप लगाएं कि वह देश विरोधी ताकतों से मिली हुई है और आतंकवादियों के प्रति सहानुभूति रखती है उसे चुनाव लडने, संसद में बैठने और राज्यों में सरकार चलाने की भी इजाजत कैसे दी जा सकती है? क्या यह देश की सुरक्षा, एकता और अखंडता से खिलवाड़ नहीं है? राष्ट्रीय सुरक्षा के नाम पर महुआ मोइत्रा की सदस्यता छीनी जा रही है और कांग्रेस पर सिर्फ आरोप लगाए जा रहे हैं! तभी जाहिर है कि ये आरोप वस्तुनिष्ठ नहीं हैं। सिर्फ आरोप लगाने के लिए आरोप लगाए जा रह हैं। लेकिन अब उसकी भी अति हो रही है। साढ़े नौ साल तक केंद्र की सरकार और देश के लगभग आधे राज्यों में सत्ता में रहने के बाद अगर अपनी उपलब्धियों के बखान से ज्यादा समय कांग्रेस की आलोचना में देना पड़ता है तो इसका मतलब है कि सरकार के काम में कहीं न कहीं कमी है। या वह काम के आधार पर चुनाव जीतने को लेकर आशंकित है।

# सीएम की विभाग स्तर पर लंबित घोषणाओं पर भड़के डीएम

## डीएम ने रोका सिंचाई विभाग के एक्शन और क्षेत्रीय पुरातत्व अधिकारी का वेतन , शिक्षा और बाल विकास विभग के अधिकारी को भेजा कारण बताओ नोटिस

जयन्त प्रतिनिधि।

**पौड़ी :** मुख्यमंत्री घोषणाओं पर विभगीय स्तर पर बरती जा रही शिथिलता पर जिलाधिकारी ने अधिशासी अभ्यिन्ता सिंचाई खण्ड दुगड्डा अजय जॉन व क्षेत्रीय पुरातत्व अधिकारी संस्कृति विभग आशीष कुमार का माह नवम्बर का वेतन रोकने के निर्देश दिये हैं। जबकि शिक्षा विभग व बाल विकास विभग के किसी भी अधिकारी द्वारा बैठक में प्रतिभग नहीं करने पर जिलाधिकारी ने कारण बताओं नोटिस जारी करने के निर्देश दिये हैं।

शुक्रवार को मुख्यमंत्री घोषणाओं की स्थिति को लेकर जिलाधिकारी डॉ. आशीष चौहान ने जिला कार्यालय सभगार में अधिकारियों की बैठक ली। जनपद क्षेत्रांतर्गत विभ्न्नि भ्रमणों के दौरान की गयी कुल 59 घोषणाओं में से 08 घोषणाएं पूर्ण, 21 शासन स्तर पर, 3 विलोपित,



: डीएम डॉ. आशीष चौहान बैठक में अधिकारियों को निर्देश देते हुए।

जबकि 27 विभगीय स्तर पर लम्बित है, जिन पर अभी तक कार्यारम्भ नहीं हुआ है। विभगीय स्तर पर लम्बित घाषणाओं को लेकर जिलाधिकारी ने कड़ी नाराजगी प्रकट की। जिलाधिकारी ने सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश दिये कि विभगीय स्तर पर लम्बित घोषणाओं पर त्वरित गति से कार्यवाही करना सुनिश्चित करें। उन्होंने स्पष्ट किया कि घोषणाओं को धरातल पर लागू करने के लिए स्थल चयन व डीपीआर दो मुख्य बाते है जिन पर अधिकारियों को व्यक्तिगत रुची लेकर पत्रावलीयां तैयार करवाने की आवश्यकता है।

न्होंने कहा कि आगामी 30 नवम्बर को मुख्यमंत्री द्वारा प्रस्तावित सीएम घोषणाओं की समीक्षा बैठक से पूर्व विभगाध्यक्ष घोषणाओं पर संज्ञान लेते हुए कार्यवाही करना सुनिश्चित करें। कोटद्वार में हाईमास्क लाईट लगाये जाने सम्बंधी घोषणा पर जिलाधिकारी ने नगर आयुक्त कोटद्वार, कोषाधिकारी व अधिशासी अभ्यिन्ता यूपीसीएल की तीन सदस्य कमेटी का गठन करते हुए कार्य पूरा करने के निर्देश दिये हैं। जिन घोषणाओं पर विभगीय स्तर पर धीमी कार्यवाही रही उनमें विधानसभ क्षेत्र कोटद्वार के अन्तर्गत नशामुक्ति केन्द्र की स्थापना, दंगलेश्वर महादेव मंदिर सतपुली के निकट स्नानागार व मंदिर स्तरीय विकास, कोट ब्लॉक के फलस्वाड़ी सीता माता मंदिर को विकसित करने, राज राजेश्वरी मंदिर देवलगढ़ में रेटोफिटिंग व रिस्टोरेशन कार्य, विधानसभ यमकेश्वर के अन्तर्गत गोरखनाथ राजकीय महाविद्यालय बिथ्याणी में विज्ञान की कक्षाओं के संचालन, प्रवेश द्वार कोटद्वार के कौड़िया, सिद्धबली मंदिर, चिल्लरखाल पाखरौं का सौन्दर्यकरण कार्य सहित पर्यटन विभग की वन भूमि स्थानान्तरण के कारण लम्बित घोषणाऐं शामिल है।

बैठक में मुख्य विकास अधिकारी अपूर्वा पाण्डे, नगर आयुक्त कोटद्वार वैभ्व गुप्ता, अधीक्षण अभ्यिन्ता लोनिवि पीएस बृजवाल, डीडीओ मनविंदर कौर, डीएसटीओ राम सलोने, जिला पर्यटन विकास अधिकारी प्रकाश खत्री सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

## महाचेतावनी रैली में हिस्सा लेने की अपील

**पौड़ी :** उत्तरांचल फेडरेशन ऑफ मिनिस्टीरियल सर्विसेज एसोसिएशन उत्तराखंड प्रांतीय नेतृत्व के आह्वान पर आंदोलन के पहले चरण के तहत शुक्रवार को भी कर्मचारियों ने काला फीता बांधकर गेट मीटिंग की। जनपद अध्यक्ष रेवती नंदन डंगवाल की अगुवाई में शुक्रवार को जिले के प्रांतीय निर्माण खंड, वन विभग, शिक्षा विभग, ग्रामीण विकास, आयुक्त गढ़वाल मंडल में जाकर कर्मचारियों को आगामी कार्यक्रम को लेकर जागरूक किया गया। पदाधिकारियों ने 7 दिसंबर को जिले में आयोजित होने वाली महाचेतावनी रैली में बड़ी संख्या में हिस्सा लेने की अपील की। पदाधिकारियों ने चेतावनी दी कि जल्द ही 21 सूत्रीय मांगों का हल नहीं होने पर वे सड़कों पर उतकर आंदोलन करेंगे। इस मौके पर जिला मंत्री संजय नेगी, मंडलीय अध्यक्ष सीताराम पोखरियाल, स्वास्थ्य विभग के जनपद अध्यक्ष रविंद्र डोगरा, वन विभग के जिला अध्यक्ष सुभष चमोली, जिला सचिव प्रदीप अंकित भ्ट्ट, कपिल, अनिल राणा, नितेश कुमार आदि शामिल रहे।

# एसएसपी ने थाना प्रभरियों को रात्रि गश्त व पिकेट बढ़ाने को कहा

जयन्त प्रतिनिधि।

**पौड़ी :** शुक्रवार को पुलिस लाईन पौड़ी में मासिक अपराध समीक्षा गोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक पौड़ी श्रीमती श्वेता चौबे ने अधीनस्थों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये। इस दौरान एसएसपी ने कर्मचारियों की समस्याओं का सुना। साथ ही समस्त थाना प्रभरियों को अधीनस्थ कर्मचारियों की प्रत्येक माह मीटिंग लेकर उनके कार्यों की समीक्षा करने तथा उनकी व्यक्तिगत/पारिवारिक समस्याओं को सुनते हुए उनका त्वरित समाधान करने के निर्देश दिये। एसएसपी ने कहा कि आगामी लोकसभ चुनाव के दृष्टिगत सभी क्षेत्राधिकारी व थाना प्रभरी अपने-अपने थाना क्षेत्रों में सम्बन्धित उपजिलाधिकारियों, तहसीलदारों आदि के साथ समन्वय स्थापित कर निर्वाचन आयोग की गाइडलाइन के अनुसार अतिसंवेदनशील/संवेदनशील मत केन्द्रों का निर्धारण करें। एसएसपी ने आगामी बैकुंठ चतुर्दशी व बूंखाल मेले में सुरक्षा



एसएसपी श्वेता चौबे बैठक में अधिनस्थों को निर्देश देते हुए।

व्यवस्थाओं की समीक्षा भ की।

एसएसपी ने समस्त थाना प्रभरियों व बीट कांस्टेबल को आमजन के साथ बेहतर समन्वय बनाये रखने, बीट क्षेत्र में निवासरत बुजुर्गों से समय-समय पर मुलाकात कर उनकी समस्याओं का निराकरण करने तथा बेसिक पुलिसिंग के तहत कार्य करते हुये

### उत्कृष्ट कार्य करने वाले 18 पुलिस कर्मी हुये सम्मानित

मुखबिरी तंत्र को और सक्रिय करने को कहा। एसएसपी ने कहा कि ठंड लगातार बढ़ रही है जिस कारण रात्रि में गृह भ्ेदन व चोरी की घटना बढ़ने की आशंका अधिक रहती है। इसलिए समस्त थाना प्रभरियों को रात्रि में गश्त व पिकेट बढ़ाने के साथ-साथ प्रभवी चैकिंग कराने की जरूरत है। बैठक में बताया गया कि मानवाधिकार आयोग, महिला आयोग, पुलिस शिकायत प्राधिकरण, शासन, पुलिस मुख्यालय एवं रेंज स्तर से प्राप्त शिकायती प्रार्थना पत्रों में मुख्यतः कोतवाली कोटद्वार में 44 एवं कोतवाली पौड़ी में 18 शिकायती प्रार्थना पत्र लम्बित है। जिस पर एसएसपी ने सम्बन्धित थाना प्रभरियों को लम्बित शिकायती प्रार्थना पत्रों का त्वरित निस्तारण करने के निर्देश दिये। मोटर वाहन अधिनियम के तहत विगत माह में शराब पीकर वाहन चलाने पर 22, तीव्र गति से वाहन चलाने पर 47, ओवर लोडिंग करने पर 18, दुपहिया वाहनों में तीन सवारी बैठाने पर 108, मोबाइल फोन का प्रयोग करने पर 74 चालानी कार्यवाही की गयी। साथ ही 131 व्यक्तियों के विरूद्ध डीएल निरस्तीकरण की कार्यवाही की गयी है। एसएसपी ने समस्त थाना प्रभरियों को अपने-अपने थाना क्षेत्रान्तर्गत यातायात नियमों का पालन न करने वालों के विरूद्ध नियमानुसार कठोर कार्यवाही करने हेतु व अधिक से अधिक डीएल निरस्तीकरण करने हेतु निर्देशित किया। इस मौके पर ड्यूटी के दौरान सराहनीय एवं उत्कृष्ट कार्य करने वाले 18 पुलिस कर्मचारियों को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक कोटद्वार श्रीमती जया बलोनी, अपर पुलिस अधीक्षक संचार अनूप काला, क्षेत्राधिकारी सदर पौड़ी श्याम दत्त नौटियाल सहित समस्त थाना एवं शाखा प्रभरी मौजूद रहे।

# वनों को आग से बचाने के लिए द हंस फाउंडेशन ने बढ़ाये हाथ

जयन्त प्रतिनिधि।

**कोटद्वार :** एक तरफ जहां हंस फाउंडेशन द्वारा शिक्षा, स्वास्थ्य, पेयजल, आजीविका में निरन्तर सराहनीय कार्य किया जा रहा है। वहीं अब उत्तराखण्ड के वनों को आग से बचाने के लिए द हंस फाउंडेशन द्वारा हाथ बढ़ाये है। हंस फाउण्डेशन के द्वारा संचालित वनाग्नि शमन एवं रोकथाम परियोजना चार वनाग्नि संवेदनशील जिलों पौड़ी गढ़वाल, अल्मोड़ा, बागेश्वर जनपद के 10 विकासखण्डों के 1000 ग्रामों में परियोजना चलायी जा रही है। वन रेंज कार्यालय मटियाली क्षेत्र में आयोजित फायर फायटर्स प्रशिक्षण कार्यक्रम में वन पंचायत नियमावली, वनाग्नि के कारकों, वनाग्नि के मानव वन्य जीव व पर्यावरण पर पड़ रहे प्रभवों, बचाव के उपाय, सामुदायिक सहभगिता के महत्व, समुदाय के रोल फायर लाइन निर्माण, वनाग्नि उपकरणों के उपयोग, ईंधन प्रबन्धन की जानकारी दी गई।

इसी क्रम में उत्तराखण्ड को आग से बचाने के लिए द हंस फाउण्डेशन द्वारा संचालित फारेस्ट फायर परियोजना द्वारा भूमि वन संरक्षण वन प्रभग लैंसडौन के सहयोग से जयहरीखाल रेंज के ग्राम ग्वीन बडा, ग्वीन छोटा, बखरोडी, कोटलमण्डा, कुल्हाड, रैतपुर मल्ला, सतपुली मल्ली,



### तीन हजार वालिंटियर फायर फायटर्स को जोड़ा मुहिम में

ओडल बडा, ओडल छोटा, कंदरोडा, खण्डाखोली, चमोलीगांव, शीलाबांघाट के 73 ग्रामीणों को वन अग्नि प्रबंधन हेतु प्रशिक्षण प्रदान कर वनों को बचानें के लिए तैयार किया जा रहा है। उत्तराखण्ड राज्य जो कि अपनी बहुमूल्य वन सम्पदा के लिये जाना जाता है, उसे आग से बचाने के लिये जाना जाता है, उसे आग से बचाने क लिये वन विभग के अलावा पहली बार किसी संस्था द्वारा ग्रामीणों को जागरूक करने, वन अग्नि रोकने हेतु कार्य किया जा रहा है। परियोजना के अन्तर्गत अब तक 3000 वालिंटियर फायर फायटरर्स को वर्तमान तक इस मुहिम में जोड़ा गया है। उन्हें प्रशिक्षण व वनाग्नि रोकथाम हेतु उपकरण उपलब्ध कराने के साथ-साथ प्रत्येक वालेंटियर का पांच लाख का दुर्घटना बीमा भी किया गया है। इस प्रयास के तहत ग्राम स्तर पर एक समर्पित फायर फायटर्स की टीम तैयार की जा रही है जो वनों को आग से बचाने के लिये कार्य कर रही है। वनाग्नि काल में वन विभग के सामने सबसे बड़ी समस्या रहती है, सीमित मानव संसाधन एवं सामुदायिक सहभगिता। द हंस फाउण्डेशन के इन प्रयासों के जहां एक तरफ ग्राम स्तर पर ही एक टीम खड़ी की जा रही है, वहीं दूसरी तरफ सामुदायिक सहभगिता को भी बढ़ावा दिया जा रहा है।

# एएसपी कोटद्वार की टीम ने एएसपी संचार की टीम को किया पराजित

जयन्त प्रतिनिधि।

**पौड़ी :** शारीरिक एवं मानसिक रूप से स्वस्थ रहने, तनाव से दूर रहने के दृष्टिगत शुक्रवार को पुलिस लाईन मैदान पौड़ी में फ्रेंडली वॉलीबाल मैच का आयोजन किया गया। जिसमें अपर पुलिस अधीक्षक कोटद्वार की टीम ने अपर पुलिस अधीक्षक संचार की टीम को पराजित किया। इस मौके पर पुलिस लाइन में सामूहिक भेज का आयोजन किया गया। जिसमें सभी अधिकारी व कर्मचारियों ने एक साथ भेजन किया।



एसएसपी श्वेता चौबे विजेता टीम को ट्राफी सौंपते हुए।

पुलिस बल एक अनुशासित बल है, जिन्हें लगातार कई कई घंटे अपनी ड्यूटी करनी पड़ती है। जिस कारण नियमित दिनचर्या ना होने के कारण पुलिसकर्मी अक्सर मानसिक तनाव में रहते हैं व कुछ कर्मी शारीरिक रूप से भी अस्वस्थ रहते हैं। विगत त्यौहारी सीजन में भे पुलिस द्वारा लगातार ड्यूटियां की गयी। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक पौड़ी श्वेता चौबे द्वारा अधीनस्थ अधिकारी/कर्मचारियों को शारीरिक एवं मानसिक रूप से स्वस्थ रहने, तनाव से दूर रहने एवं पुलिस को फिट करने के दृष्टिगत शुक्रवार को पुलिस लाईन मैदान पौड़ी में वॉलीबाल मैच का आयोजन किया गया। जिसमें श्रीनगर सर्किल, पौड़ी सर्किल, कोटद्वार सर्किल व पुलिस लाइन की कुल 04 टीमों ने प्रतिभग किया। मैच में अपर पुलिस अधीक्षक कोटद्वार कोटद्वार की टीम ने फाइनल मुकाबले में अपर पुलिस अधीक्षक संचार की टीम को हराकर ट्रॉफी जीती। इस मौके पर एसएसपी ने विजेता टीम को ट्राफी देकर सम्मानित किया। एसएसपी ने सभी पुलिसकर्मियों को शारीरिक एवं मानसिक रूप से फिट रखने हेतु कम से कम एक घंटा नियमित खेलकूद, व्यायाम एवं योग करने हेतु प्रेरित किया।

# ऋण वसूली को अभियान चलाएं बैंक अधिकारी: धन सिंह

देहरादून। बैंकों का एनपीए कम करने को सहकारिता मंत्री धन सिंह रावत ने ऋण वसूली अभियान तेज किए जाने के निर्देश दिए। कहा कि बैंकों का एनपीए पूरी तरह न्यूनतम स्तर पर लाया जाए। ऋण वसूली को अभियान चलाया जाए।

सहकारिता मंत्री ने शुक्रवार को वर्चुअल माध्यम से सभी राज्य सहकारी बैंक के एमडी, जिलों के सचिव, महाप्रबंधक को निर्देश दिए। एनपीए वसूली का कड़ाई से पालन किए जाने के निर्देश दिए। कहा कि



जिन्होंने एनपीए ऋण जमा नहीं किया है, उनके खिलाफ वसूली को अभियान चलाया जाए। सचिव को निर्देश दिए कि जो बहुउद्देशीय सहकारी समितियां चुनाव के लिए पात्र नहीं हैं, उनकी सूची तत्काल बनाई जाए। कारण लिखा जाए कि ये समितियां क्यों पात्र नहीं हैं। नए सहकारी सदस्य बनाने में तेजी लाने को कहा। 30 नवंबर तक दो लाख नए सदस्य बनाने के निर्देश दिए। निर्देश दिए कि सभी 670 सहकारी समितियों को चुनाव लायक बनाया जाए।

## विपक्ष की गैर जिम्मेदाराना बयानबाजी, प्रभावितों का हौसला तोड़ने वाली : भट्ट

देहरादून । भाजपा ने टनल हादसे में फंसे श्रमिकों को सुरक्षित बाहर निकालने को प्राथमिकता बताते हुए कांग्रेस पर असंवेदनशील बयानबाजी करने का आरोप लगाया है। प्रदेश अध्यक्ष श्री महेंद्र भट्ट घटना स्थल पर मंत्रियों के नही पहुंचने के आरोपों पर पलटवार कर कहा किजिन विशेषज्ञों और आपदा प्रबंधन टीम की वहां सबसे अधिक जरूरत है वो वहां मौजूद हैं। उन्होंने सोशल मीडिया आधारित विपक्ष के तकनीकी ज्ञान पर कटाक्ष पर करते हुए कहा कि ग्राउंड जीरो पर जुटे विशेषज्ञ टीम के अनुभव पर सर्वश्रेष्ठ बचाव प्रयास किए जा रहे हैं।सिलक्यारा टनल हादसे को लेकर पत्रकारों के सवालों का जवाब देते हुए श्री भट्ट ने कहा, सरकार की प्राथमिकता फंसे सभी श्रमिक भाइयों को सुरक्षित निकलने की है । ये हम सबके लिए सौभाग्य की बात है कि वे सभी सही सलामत हैं और उन तक दवाई, खाना पानी, आक्सीजन आदि सभी जरूरी मदद पहुंचाई जा रही है । स्वयं मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी ने मौके पर जाकर हालत का जायजा लिया और बचाव कार्य की लगातार मॉनिटरिंग भी कर रहे हैं । उनके स्पष्ट निर्देश हैं कि जिस तरह की तकनीकी या अन्य आवश्यकता की पूर्ति जरूरी हो उसे तत्काल अमल में लाया जाए । विदेशी इंजीनियर भी बुलाए गए हैं और एयरफोर्स की मदद से सर्वश्रेष्ठ ड्रिलिंग मशीन वहां लाई गई है जो लगातार वहां काम कर रही है ।



# ऋषिकेश में दिनभर रहा जाम का झाम

ऋषिकेश। ऋषिकेश में हरिद्वार–ऋषिकेश नेशनल हाईवे पर वाहन सवारों को जाम से मुक्ति नहीं मिल पा रही है। उन्हें श्यामपुर रेलवे क्रॉसिंग का महज पांच मिनट का सफर आधे घंटे तक में तय करने के लिए मजबूर होना पड़ा।

पुलिस समस्या का कारणा राजमार्ग संकरा होने की बात कह रही है। शुक्रवार को नेपाली फार्म फ्लाईओवर से लेकर श्यामपुर रेलवे फाटक तक वाहनों की एक किलोमीटर से लंबी लाइन लगी रही। वाहन सवारों को फाटक को क्रॉस करने में दिन भर फजीहत झेलनी पड़ी।

सीपीयू जवान यातायात को सुचारू रखने के लिए जद्दोजहद करते दिखे, लेकिन संकरे हाईवे पर वाहनों की लाइन लगने से यातायात बेपटरी नजर आया।

# कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने प्रदेशभर में प्रदर्शन किया

देहरादून। उत्तराखंड में लचर कानून व्यवस्था का आरोप लगाते हुए कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने प्रदेशभर में प्रदर्शन किया। इस मौके पर बीजेपी सरकार के पुतले फूंके गए। राजधानी देहरादून में महानगर कांग्रेस के अध्यक्ष डॉ. जसविंदर सिंह गोगी के नेतृत्व में प्रदर्शन किया गया। राजपुर रोड स्थित ऐश्लेहाल चौक पर ये प्रदर्शन हुआ।कांग्रेस का कहना है कि राज्य की स्थापना दिवस के दिन नौ नवंबर की सुबह रिलायंस ज्वैलरी में करोड़ों की डकैती पड़ी। इसी दिन राष्ट्रपति भी देहरादून में थी। ऐसे में कानून व्यवस्था पर सवाल उठने लाजमी हैं। गोगी ने कहा कि राज्य की राजधानी में कई महत्वपूर्ण प्रतिष्ठान अवस्थित हैं। वहीं, राष्ट्रपति के दून में मौजूदगी के दिन ऐसी डकैती की घटना स्पष्ट संकेत है कि धामी सरकार न तो कानून व्यवस्था संभाल पा रही है। न ही शासन और प्रशासन पर अंकुश है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री कह रहे हैं कि वे राज्य में इन्वेस्टर समिट कराने जा रहे हैं। डकैती की ऐसी घटना से वो निवेशकों को किस तरह का संदेश देंगे। आठ दिन बाद भी पुलिस चोरों को पकड़ना तो दूर, उनके बारे में कुछ पता तक नहीं कर पाई है। विगत महीनों में देहरादून शहर लगातार सरकार की उपेक्षा झेल रहा है। इस मौके पर उत्तराखंड कांग्रेस के प्रदेश



उपाध्यक्ष सूर्यकांत धस्माना ने कहा कि पहले शहर ने डेंगू की विकराल समस्या झेली। कई लोगों की असामयिक मृत्यु हुई। सरकार केवल डेंगू से हुई जनहानि को छुपाने में लगी रही। उसके बाद रजिस्ट्री घोटाले सामने आए और अब इतनी बड़ी डकैती का मामला सामने आया। ऐसे में सरकारी तन्त्र की प्रभावी मौजूदगी कहीं नहीं दिखती। लोगों को उनके हाल पर छोड़ दिया गया है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस अब इस तरह के मामलों पर चुप नहीं बैठेगी। मामले में दोषी जल्द गिरफ्तार न हुए तो बड़ा प्रदर्शन किया जाएगा। इस अवसर पर प्रदेश उपाध्यक्ष पूरण सिंह रावत, प्रदेश महासचिव मनीष नागपाल, अभिषेक तिवारी, प्रमोद गुप्ता, मोहन जोशी, अरुण बालोनी, मोहम्मद फेजल, मदन लाल, सुरेश आर्य, सुमित थापा, विनय कुमार, मनीष कुमार, शिवम कुमार, सलमान अहमद, अशोक कुमार आदि प्रदर्शनकारियों में शामिल थे।

### कांग्रेसी प्रदर्शन राजनैतिक, सुरक्षाबलों का मनोबल तोड़ने की कोशिश :चौहान

देहरादून । भाजपा ने कानून व्यवस्था को लेकर कांग्रेसी प्रदर्शन को राजनैतिक बताते हुए इसे जांच एजेंसियों का मनोबल तोड़ने की कोशिश बताया है । पार्टी ने जंगलराज व बदहाल कानून व्यवस्था का अनुभव करने के लिए उन्हे अपने शासन वाले राजस्थान, छत्तीसगढ़, बिहार, बंगाल के अवलोकन की चुनौती दी,

जयन्त
संस्थापक
स्व.नरेन्द्र उनियाल
प्रकाशक,मुद्रक और स्वामी
नागेन्द्र उनियाल द्वारा प्रतिभा प्रेस से मुद्रित तथा बद्रीनाथ मार्ग कोटद्वार (गढ़वाल) से प्रकाशित
—सम्पादक
नागेन्द्र उनियाल
आर.एन.आई. 35469/79
फोन/फैक्स 01382–222383
मो. 8445596074, 9412081969
e-mail: nagendra.uniyal@gmail.com